# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (15.05.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:15.05.2025, PAGE-06**

### कृषि की चुनौतियों पर वीसी की किताब प्रकाशित

**मुजफ्फरपुर।** बीआरए बिहार विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय के द्वारा संपादित किताब 'भारतीय कृषि : चुनौतियां, प्राथमिकताएं और समाधान' बुधवार को प्रकाशित हुई है। कुलपति ने इस किताब का संपादन इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक, मध्य प्रदेश के प्राध्यापक प्रो. नवीन शर्मा और भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड (इफको) के वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप कुमार राय के साथ मिलकर किया है।

### पीजी में छात्र ले सकेंगे रीएडमिशन

**मुजफ्फरपुर।** बीआरए बिहार विवि में पीजी सत्र 2021-23 और सत्र 2022-24 में जो छात्र एक या दो पेपर में फेल हैं। वे सत्र 2024-26 में रीएडमिशन ले सकते हैं। इसकी तैयारी विवि प्रशासन ने शुरू कर दी है। रीएडमिशन के लिए 15 और 16 मई तक का समय दिया गया है। इसके बाद छात्रों को समय नहीं दिया जाएगा। इसके बाद परीक्षा फॉर्म भरा जाना है।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:15.05.2025, PAGE-06**

### बिहार विवि व कैंसर संस्थान में एमओयू

**मुजफ्फरपुर।** बीआरएबीयू और महावीर कैंसर संस्थान एवं अनुसंधान केंद्र पटना के बीच बुधवार को एमओयू हुआ। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच कैंसर अनुसंधान, उच्च शिक्षा और वैज्ञानिक नवाचार के उद्देश्य से किया गया है। कुलपति और महावीर कैंसर संस्थान के निदेशक ने समझौते पर हस्ताक्षर किए।



महावीर कैंसर संस्थान पटना के साथ एमओयू करते बीआरएबीयू के वीसी। साथ में अन्य।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:15.05.2025, PAGE-06

# विश्वविद्यालय को मिलेंगे 10.43 करोड़, होंगे कई कार्य

- केंद्र सरकार ने स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फार कैपिटल एक्सपेंडिचर प्रोग्राम किया है शुरू
- विश्वविद्यालय ने डीपीआर तैयार कर बिहार राज्य शिक्षा उच्च शिक्षा परिषद को भेजा



जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को स्पेशल असिस्टेंस टू स्टेट्स फार कैपिटल एक्सपेंडिचर प्रोग्राम के तहत करीब 10.43 करोड़ रुपये मिलने की उम्मीद जग गई है। सत्र 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय ने योजना के तहत बिहार राज्य उच्च शिक्षा परिषद् को तीन प्रोजेक्ट की रिपोर्ट तैयार कर भेजा है। इसमें सात करोड़ की राशि से जी प्लस थ्री क्षमता का एकेडमिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जाएगा। यह भवन सोशल साइंस ब्लाक के सामने खाली पड़ी जमीन में बनेगी। कई विभागों में क्लासरूम काफी जर्जर स्थिति में हैं। साथ ही, प्रयोगशाला से लेकर नए उपकरण की खरीदारी पर 2.5 करोड़ रुपये और लाइब्रेरी के डिजिटलीकरण पर 0.93 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसकी डीपीआर विश्वविद्यालय की ओर से विभाग को उपलब्ध कराया गया है।

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के विकास पदाधिकारी डा. जिवितेश पति त्रिपाठी ने बताया कि बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् के परियोजना विभाग की ओर से विश्वविद्यालय में आधारभूत संरचना के लिए प्रस्ताव मांगा गया था। इसी आधार पर प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजा गया है। सबकुछ ठीक रहा तो करीब 10.43 करोड़ का अनुदान विश्वविद्यालय को मिलेगा। इससे कई आधारभूत संरचना संबंधी कार्य होंगे।

**बीएसइआइडीसी कराएगा वीसी सचिवालय और पवेलियन का निर्माण :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में रूसा की राशि से वीसी सचिवालय के साथ-साथ तीन पवेलियन का निर्माण कराया जाएगा। बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (बीएसइआइडीसी) की ओर से विश्वविद्यालय कैंपस में निर्माण कार्य होगा। इसके लिए इंजीनियरों की टीम ने स्पाट निरीक्षण का कार्य कर लिया है। वीसी आवास कैंपस में ही वीसी सचिवालय का निर्माण होगा। यह भवन जी प्लस वन के मोड में होगा। नीचे एक सेमिनार हाल बनेगा। इसमें 60 लोगों के बैठने की क्षमता होगी। साथ ही उसे सटा हुआ एक वेटिंग रूम होगा। ऊपर कुलपति कार्यालय होगा। इसमें लिफ्ट भी लगाए जाने की योजना है। पीजी थ्री छात्रावास के सामने खाली जमीन पर पवेलियन का निर्माण होगा। इसमें विद्यार्थी विभिन्न खेलकूद की गतिविधियों में हिस्सा ले सकेंगे। वहीं दर्शकों को बैठने के लिए पवेलियन का निर्माण किया जाएगा। बाउंड्री भी कराई जाएगी। यहां पिच बनाए जाने की भी योजना है। कुल 2.61 करोड़ की लागत से वीसी सचिवालय, पवेलियन समेत अन्य निर्माण कार्य होना है।

**छात्राओं के खेलकूद के लिए कई व्यवस्था :** दूसरी ओर पीजी महिला छात्रावास में भी रहने वाली छात्राओं के खेलकूद के लिए कई व्यवस्था होगी। विश्वविद्यालय की ओर से प्रस्ताव तैयार कराया गया कि महिला छात्रावास के खाली जगह में भी पवेलियन का निर्माण कराया जाएगा। इससे छात्राएं यहां रनिंग ट्रैक, बास्केटबाल कोर्ट, वालीबाल कोर्ट, बैडमिंटन कोर्ट समेत अन्य सुविधाएं मिलेंगी। कुल 2.61 करोड़ की लागत से यह निर्माण कार्य होना है। दूसरी ओर विश्वविद्यालय के आवासीय क्वार्टर में पोखर के बगल में मंदिर के आसपास खाली स्थान का सुंदरीकरण कार्य होगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**


## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR DATE: 15.05.2025, PAGE-06

### बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने किया एमओयू

मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने बुधवार को महावीर कैंसर संस्थान एवं शोध केंद्र पटना के साथ एमोयू किया है। कुलपति प्रो. डीसी राय व संस्थान के निदेशक डा. विश्वजीत सान्याल के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। इसका उद्देश्य शिक्षा और शोध में नवाचार को बढ़ावा देना है। इसके अंतर्गत शोध परामर्श, प्रशिक्षण, कौशल विकास, ज्ञान का आदान-प्रदान, फैकेल्टी डेवलपमेंट, और दोनों संस्थानों में शोध के निहितार्थ एक्सचेंज कार्यक्रमों को विस्तारित करना है। मौके डा. अशोक कुमार घोष, सीनियर साइंटिस्ट डा. अरुण कुमार, प्रो. शिवानंद सिंह, डा. ममता रानी, रिसर्च स्कालर पुष्कर कुमार, रमन गौरव और प्रणय थे। (जासं)

**विश्वविद्यालय में पीजीआरसीकी बैठक 16 और 18 मई को :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजीआरसी यानी पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च काउंसिल की बैठक शुक्रवार और 18 मई को होगी। परीक्षा नियंत्रक डा. सुधालाल पासवान की ओर से पीजीआरसी की बैठक के लिए सूचना जारी की गई है। शुक्रवार को साइंस व सोशल साइंस संकाय के सदस्यों की बैठक होगी। वहीं 19 मई को मानविकी, शिक्षाशास्त्र, वाणिज्य व प्रबंधन की बैठक होनी है। केंद्रीय पुस्तकालय स्थित सीनेट हाल में सुबह 11 बजे से बैठक बुलाई गई है। सभी संकाय के लिए कमेटी का गठन पहले ही की जा चुकी है। परीक्षा नियंत्रक ने सभी पीजी विभागाध्यक्षों को इसकी जानकारी देते हुए कहा है कि बैठक में उपस्थित होने के लिए सदस्यों को सूचना भेज दी जाए। कमिटी में कुलपति समेत आठ सदस्यों को शामिल किया गया है।

## DAINIK JAGRAN MUZAFFARPUR DATE:15.05.2025 PAGE-06

### कुलपति की संपादित पुस्तक का प्रकाशन

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डीसी राय की भारतीय कृषि पर संपादित पुस्तक का प्रकाशन हुआ है। प्रकाशक स्प्रिंगर नेचर ने भारतीय कृषि: चुनौतियां, प्राथमिकताएं और समाधान शीर्षक से पुस्तक प्रकाशित की है। इसके संपादन में कुलपति के साथ इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विश्वविद्यालय अमरकंटक मध्य प्रदेश के प्रो.नवीन शर्मा व भारतीय किसान उर्वरक सहकारी लिमिटेड के विज्ञानी डा. प्रदीप कुमार राय ने योगदान दिया है। कुलपति ने बताया यह शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों के लिए उपयोगी संसाधन है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**


PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 15.05.2025, PAGE-04


## कदम. बीआरएबीयू का महावीर कैंसर संस्थान के साथ एमओयू

# बढ़ेंगी शैक्षणिक गतिविधियां, छात्र नये कोर्स के जरिये होंगे समृद्ध

- दोनों संस्थान संयुक्त रूप से कॉन्फ्रेंस, कार्यशाला व शोध की गतिविधियों को देंगे बढ़ावा

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरएबीयू व महावीर कैंसर संस्थान एवं शोध केंद्र पटना के बीच एमओयू हुआ है. विवि के कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय व महावीर कैंसर संस्थान के निदेशक डॉ विश्वजीत सान्याल ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये. शिक्षा व शोध में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से दोनों संस्थानों के बीच यह समझौता हुआ है. शोध परामर्श, प्रशिक्षण, कौशल विकास, ज्ञान का आदान-प्रदान, फैकल्टी डेवलपमेंट व दोनों संस्थानों में शोध के निहितार्थ एक्सचेंज कार्यक्रमों को विस्तारित किया जायेगा.दोनों संस्थानों में शोध व विकास को बढ़ावा दिया जायेगा.



एमओयू करते डॉ विश्वजीत सान्याल व प्रो दिनेश चंद्र राय व अन्य.

**सर्टिफिकेट कोर्स शुरू होंगे**: शिक्षकों, मानव संसाधनों व छात्रों का आदान-प्रदान कर एक-दूसरे के यहां सर्टिफिकेट कोर्स आरंभ किए जायेंगे. स्नातक, पीजी व शोधार्थियों के ज्ञान में वृद्धि होगी और कॅरियर के भी अवसर मिलेंगे. मौके पर महावीर के शोध विभाग के अध्यक्ष डॉ अशोक घोष, सीनियर साइंटिस्ट डॉ अरुण, विवि के साइंस संकाय के डीन प्रो शिवानंद सिंह, रिसर्च स्कॉलर पुष्कर, रमन गौरव व प्रणय आदि शामिल रहे.

**पीजीआरसी की बैठक 16 व 19 को**

बीआरएबीयू से पीएचडी एडमिशन टेस्ट-2021 में उत्तीर्ण हुए अभ्यर्थियों के लिए पोस्ट ग्रेजुएट रिसर्च काउंसिल (पीजीआरसी) की बैठक 16 व 19 मई को होगी. इस संबंध में विभागों को सूचना दे दी गई है. सभी संकायों के लिए कमेटी का गठन भी हुआ है. पीजीआरसी में डिपार्टमेंटल रिसर्च काउंसिल से स्वीकृत शोध छात्रों के सिनॉप्सिस की समीक्षा की जायेगी. 16 मई को साइंस व सोशल साइंस संकाय के सदस्यों की बैठक बुलाई गई है. वहीं 19 मई को मानविकी, शिक्षाशास्त्र, वाणिज्य व प्रबंधन संकाय के सदस्य बैठक में शामिल होंगे. केंद्रीय पुस्तकालय स्थित सीनेट सभागार में सुबह 11 बजे से यह बैठक होगी. पीजीआरसी में कुलपति समेत कुल आठ सदस्य शामिल होंगे. संबंधित विषयों के सभी शिक्षकों को भी बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है.

- खबर वेबसाइट पर पढ़ने के लिए क्यूआर स्कैन करें.

**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 15.05.2025, PAGE-04

# स्नातक द्वितीय वर्ष की होने वाली विशेष परीक्षा स्थगित

## सूचना जारी, पहले 16 मई से होनी थी परीक्षा

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से 16 मई से प्रस्तावित स्नातक द्वितीय वर्ष की विशेष परीक्षा स्थगित कर दी गयी है. परीक्षा विभाग ने इसकी सूचना जारी की है. परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से इसे स्थगित कर दिया गया है.

नया कार्यक्रम जल्द जारी करेंगे. बता दें कि इस परीक्षा में 15 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं शामिल होंगे. वार्षिक मोड में यह द्वितीय वर्ष की आखिरी परीक्षा होगी. चार सत्रों के विद्यार्थी इसमें शामिल होंगे. परीक्षा फॉर्म भरा जा चुका है.

## बिना विलंब शुल्क के 20 तक भरें परीक्षा फॉर्म

**मुजफ्फरपुर.** बीआरएबीयू की ओर से पीजी प्रथम सेमेस्टर सत्र 2024-26 में नामांकित विद्यार्थियों के लिए बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित की है. अब छात्र-छात्राएं 20 मई तक बिना विलंब शुल्क के फॉर्म भर सकेंगे. परीक्षा विभाग की ओर से दी गई सूचना के अनुसार 21 से 24 मई तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरा जा सकेगा. जून के प्रथम सप्ताह में पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा प्रस्तावित है. इसके लिए एक सप्ताह पहले एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
DATE: 15.05.2025, PAGE-04

# वोकेशनल कोर्स में नामांकन के लिए शीघ्र खुलेगा पोर्टल

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

- पहली बार केंद्रीकृत आवेदन प्रणाली लागू कर रहा है बीआरएबीयू
- पेमेंट गेटवे में तकनीकी समस्या से आवेदन प्रक्रिया में हो रही देरी

बीआरएबीयू के 24 से अधिक कॉलेजों में संचालित वोकेशनल कोर्स में दाखिले के लिए शीघ्र पोर्टल खोला जायेगा.वीसी की अनुमति मिलने के बाद पोर्टल खोलने की कवायद तेज हो गयी है. विभिन्न कॉलेजों में संचालित कोर्स का विवरण व अन्य जानकारियां संग्रहित कर पोर्टल पर अपलोड की गयी हैं.कुछ तकनीकी समस्या आ जाने से पोर्टल को खोलने में देरी हो रही है.

बिहार बोर्ड के बाद आइसीएसइ व अब सीबीएसइ की ओर से भी 12वीं का रिजल्ट जारी किया जा चुका है. ऐसे में छात्र-छात्राएं लगातार कॉलेजों में नामांकन की प्रक्रिया जानने के लिए पहुंच रहे हैं. उन्हें बताया जा रहा है कि इसबार विवि सीधे आवेदन लेगा. सभी कोर्स के लिए प्रवेश परीक्षा होगी. चयनित विद्यार्थियों की मेधा सूची जारी होगी. उन्हें कॉलेज आवंटित किया जायेगा. इसी कॉलेज में उन्हें दाखिला लेना होगा.

**दस हजार सीटें, सभी तैयारी भी पूरी**

करीब 10 हजार सीटें वोकेशनल कोर्स में निर्धारित हैं. बीबीए, बीसीए, बीएमसी, सीएनडी समेत दो दर्जन से अधिक कोर्स का विभिन्न कॉलेजों में संचालन होता है. सीसीडीसी डॉ मधु सिंह ने बताया कि पोर्टल खोलने को लेकर सभी तैयारियां हो चुकी हैं. पेमेंट गेटवे में कुछ तकनीकी समस्या है. उसे एक-दो दिनों में दूर कर लेंगे. इसके बाद पोर्टल खोला जायेगा. बताया कि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की समस्या नहीं हो, इसको लेकर पहले ही पोर्टल की टेस्टिंग की जा रही है.

**स्नातक में दाखिले के लिए आवेदन की आज अंतिम तिथि** : स्नातक सत्र 2025-29 में दाखिले के लिए गुरुवार को आवेदन की अंतिम तिथि है. बुधवार तक लगभग 1.10 लाख विद्यार्थियों ने पोर्टल पर आवेदन किया है. इसी सप्ताह में सीबीएसइ की ओर से 12वीं का रिजल्ट जारी किया गया है. ऐसे में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने अबतक आवेदन नहीं किया है. इसको देखते हुए आवेदन की तिथि विस्तारित होने की उम्मीद है